RASHTRIYA SAHARA, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

एलपीएस की टीम ने जीती टीसीएस आईटी विज

लखनऊ (एसएनबी)। देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी विज-2014 के रीजनल राउंड में लखनऊ पब्लिक स्कूल (सेक्टर आई) के सचिन बंसल और अभिनव सिंह शीर्ष पर रहे जबकि रनर अप लामार्टीनियर ब्वायज कालेज के प्रखर राय और आदित्य जालान रहे। विजेता टीम को पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एएल बनर्जी और भारतखण्डे संगीत विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रो. श्रुति साडोलकर कटकर ने प्रदान किये। टीसीएस ने इस प्रतियोगिता का आयोजन गोमती नगर स्थित इन्दिरा प्रतिष्ठान में किया था। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न स्कूलों के लगभग 1200 छात्रों ने भाग लिया।इस अवसर पर टीसीएस के रीजनल प्रमुख जयंत कृष्णा ने बताया कि रीजनल चैम्पियन टीम को आईपैड और रनर अप टीम को मिनी आईपैड और ट्राफी प्रदान की गयी। विजेता टीम मुबंई में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में यूपी और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। रीजनल राउंड में छह टीम का चयन किया गया जिसके सदस्यों को टी शर्ट, ईयर फोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर और गैजेट्स पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा आठ से 12वीं के छात्रों के लिए किया गया था।

- रनरअप रही लामार्टीनियर ब्वायज की टीम
- मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में उप्र/उतराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी दोनों टीमें

प्रतियोगिता का संचालन क्विजमास्टर पिकब्रेन और उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम के दौरान इंटरएक्टिव ट्विटर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और दर्शक दीर्घा में बैठे जिन छात्रों ने सबसे पहले सही जवाब दिया उन्हें भी उपहार दिये गये।

टीसीएस आईटी विज-2014 के रीजनल राउंड की विजेता टीम्स मुख्य अतिथियों के साथ। फोटो : एसएनबी